# समाचार वाणी

खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# पाकिस्तान मे सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला, 13 जवान शहीद, 10 गंभीर रूप से घायल।


Publisher

Published on 28 Jun 2025




## आतंक की बड़ी वारदात : नॉर्थ वजीरिस्तान मे धमाका।

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नॉर्थ वजीरिस्तान जिले में शनिवार को एक **आत्मघाती हमले मे 13 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत** हो गई, जबकि **10 जवान बुरी तरह घायल** हुए हैं। यह हमला एक **सैन्य काफिले** को निशाना बनाकर उस वक्त किया गया जब काफिला अफगानिस्तान से सटे सीमावर्ती इलाके से गुजर रहा था।

**विस्फोटकों से भरी गाड़ी से किया गया हमला**

पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी को सैन्य वाहनों से टकरा दिया, जिससे भारी धमाका हुआ। **घायलों को पास के सैन्य अस्पताल मे भर्ती कराया गया है**, और इलाके में **सर्च ऑपरेशन** चलाया जा रहा है।

अब तक किसी भी **आतंकवादी संगठन** ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन **तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान** (TTP) और **अन्य इस्लामिक चरमपंथी गुटों पर शक जताया जा रहा है**, जो पहले भी इस इलाके में सक्रिय रहे हैं।

**आतंकी गतिविधियों का गढ़ बना खैबर पख्तूनख्वा**

पाकिस्तान का **खैबर पख्तूनख्वा प्रांत**, विशेष रूप से **वजीरिस्तान क्षेत्र**, पिछले कुछ वर्षों से लगातार आतंकवादी हमलों का शिकार रहा है। यहां कई बार सुरक्षाबलों पर **आतंकी हमले** हो चुके हैं, जिनमें सैकड़ों जवान मारे जा चुके हैं।

**ग्लोबल टेरर इंडेक्स मे पाकिस्तान दूसरे नंबर पर**

**ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025** की रिपोर्ट के अनुसार, **पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक-प्रभावित देश** बन चुका

है। रिपोर्ट के अनुसार:

१. **2023 मे आंतंकी घटनाओं मे ं748 मौते हुंई थीं, जबकि**

२. **2024 मे यंह आंकड़ा बढ़कर 1,081 पहुंच गया — यानी 45% की वृद्धि।**

३. **रिपोर्ट मे यंह भी कहा गया है कि बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा जैसे क्षेत्र अब आतंकी नेटवर्क के केद्रं बन चुके है।**

### पाकिस्तान की सुरक्षा नीति पर सवाल

लगातार हो रहे आत्मघाती हमलों और सेना पर हमलों ने पाकिस्तान की **सुरक्षा नीति** और **आंतरिक स्थिरता** पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि **सरकार को कट्टरपंथी संगठनों** के खिलाफ और **ज्यादा कठोर** एवं ठोस रणनीति अपनानी होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.